संदेश

चैत्र शुक्लादि, उगादी, गुडी पड़वा, चेती चाँद, नवरेह और साजिबु चेरोबा के शुभ अवसर पर, मैं सभी देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देती हूँ।

वसंत ऋतु के आगमन पर मनाए जाने वाले ये त्योहार भारतीय नववर्ष की शुरुआत का प्रतीक हैं और भारत की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाते हैं। ये उत्सव सामाजिक एकता और आपसी सम्बंधों को नया आयाम देते हैं। इन त्योहारों पर नई फसल की खुशी में हम उत्सव मनाते हैं और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

मेरी कामना है कि ये सभी त्योहार हमारे समाज में सौहार्द और एकता की भावना को मजबूत बनाएं और हम सब मिलकर नव-ऊर्जा के साथ देश के विकास में अपना योगदान दें।

****